उन्नाव पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 16.07.2021
थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव

24 घंटे के अंदर सनसनीखेज हत्या का खुलासा
बेटी ने प्रेमी संग मिल की थी माँ की हत्या

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.07.2021 को थाना कोतवाली सदर में पंजीकृत मु0अ0सं0 559/21 धारा 302 भा0दं0वि0 से संबन्धित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 15.07.2021 को थाना कोतवाली सदर में वादी श्री बचन्ने पुत्र स्व0 पुत्ती नि0 हुसैन नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव ने आकर सूचना दी कि मेरी पत्नी श्रीमती पप्पी की किसी अज्ञात व्यक्ति ने सर पर वार कर हत्या कर दी है। सूचना पर थाना कोतवाली सदर में मु0अ0सं0 559/21 धारा 302 भा0दं0वि0 पंजीकृत किया गया तथा शव को कब्जे मे लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पीएम के लिये जिला अस्पताल भेजा गया तथा मौके से फील्ड यूनिट/डॉग स्क्वाड द्वारा साक्ष्य संकलित किये गये। घटना की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा थाना कोतवाली सदर पुलिस व एसओजी / सर्विलांस टीम को भी खुलासे हेतु लगाया गया। उक्त घटना के अनावरण में मुखबिर की सूचना से यह बात सामने आई कि मृतका की पुत्री का गांव के आयूब खान उर्फ सलमान से प्रेम प्रसंग है। जो लड़की के घर आता जाता रहता है। पूरी तरह संदिग्धता का विश्वास होने पर मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर अनिल कुमार सिंह मय हमराह फोर्स व एसओजी / सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 गौरव कुमार मय टीम के द्वारा दिनांक 16.07.2021 को अभियुक्त अयूब उर्फ सलमान पुत्र स्व0 हसमत खान नि0 हुसैन नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 26 वर्ष को हुसैन नगर चौराहे से प्रातः 06.30 बजे गिरफ्तार किया गया तथा मृतका की पुत्री को महिला आरक्षी की निगरानी मे लिया गया। अभियुक्त आयूब उपरोक्त की निशांदेही पर आलाकत्ल एक अदद खूनालूद ईंट बरामद की गई तथा घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहने रक्तरंजित कपड़े व अभियुक्त का मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पुछताछ का विवरणः- घटना से संबन्धित अभियुक्त आयूब उर्फ सलमान उपरोक्त ने पूछताछ मे बताया कि मेरा मृतका की पुत्री से प्रेम प्रसंग है इसी को लेकर मृतका पप्पी ने पिछले माह मुझे धमकी दी थी कि यदि तुम मेरी बेटी से दूर नहीं हुए तो ठीक नहीं होगा तथा मृतका की पुत्री ने घर से मुझे कुछ गहने दिये थे, जिसके बारे में पप्पी को पता चल गया था। इसी बात को लेकर हम दोनों लोगों ने मिलकर पप्पी को मारने की योजना बनाई तथा घटना वाले दिन मृतका की पुत्री ने मुझे फोन कर अपने घर बुलाया, मैं घर जाकर छुप गया तथा जब मृतका की पुत्री अपनी मां को जगा कर घर में बनी सीढ़ी की तरफ लाई तो मैनें ईटे से मारकर पप्पी की हत्या कर दी। फिर हम दोनों लोगों ने ईंट को बगल के कमरे में रखे भूसे में छुपा दिया और मैं मृतका की पुत्री को सारी बातें समझाकर अपने घर भाग आय़ा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. आयूब खां उर्फ सलमान पुत्र स्व0 रहमत अली नि0 हुसैन नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 27 वर्ष

निगरानी मे ली गई बालअपचारी

1. कल्पना (नाम काल्पनिक) नि0 हुसैन नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 16 वर्ष

बरामदगी का विवरणः-

1. आला कत्ल एक अदद ईंट खूनालूद
2. दो अदद मोबाइल फोन घटना में प्रयुक्त
3. अभियुक्त के रक्तरंजित कपड़े

गिरफ्तार करनें वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 अनिल कुमार सिंह थाना कोतवाली सदर
2. व0उ0नि0 सुधाकर सिंह
3. उ0नि0 बृजेश सिंह
4. उ0नि0 अखिलेश तिवारी
5. हे0का0 सुल्तान
6. का0 राजकुमार
7. म0का0 सर्वेश कुमारी

गिरफ्तार करने वाली एसओजी / सर्विलांस टीम-

1. उ0नि0 गौरव कुमार प्रभारी एसओजी/ सर्विलांस
2. हे0का0 अब्दुल जब्बार सर्विलांस सेल
3. हे0का0 खैरूल बशर एसओजी
4. हे0का0 रोहित शर्मा एसओजी
5. हे0का0 शमीम खां एसओजी
6. का0 राधेश्याम सर्विलांस सेल
7. का0 अमर सिंह एसओजी